**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश ड्राइंग स्टाफ परिसंघ  की संगोष्ठी का उद्घाटन किया

## इंजीनियर्स का योगदान तभी संभव है जब डिजाइन अच्छी हो -राज्यपाल

लखनऊः 06 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज उत्तर प्रदेश ड्राइंग स्टाफ परिसंघ एवं टेक्निकल असिस्टेन्ट एसोसिएशन, लोक निर्माण विभाग द्वारा विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में आयोजित संगोष्ठी 'अभियंत्रण एक विचार है: ड्राइंग उसका मूर्तरूप है' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, लोक निर्माण, श्री के0एस0 अटोरिया, मुख्य अभियंता, श्री ए0के0 गुप्ता सहित परिसंघ के अन्य पदाधिकारी व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ड्राइंग स्टाफ विज्ञान की प्रगति में अपने पास उपलब्ध संसाधन का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करें। निर्माण कार्य में ड्राइंग महत्व का मुद्दा है। कम्प्यूटर के उपयोग ने आज के दौर में डिजाइनिंग का काम आसान कर दिया है। इंजीनियर्स का योगदान तभी संभव है जब डिजाइन अच्छी हो। उन्होंने कहा कि ड्राइंग बनाने वाले वास्तव में नवनिर्माण के अग्रदूत हैं।

श्री नाईक ने कहा कि पुरातन समय में जब कागज ड्राइंग के लिए उपलब्ध नहीं था तब भी हमारे देश में अनेक ऐसी ऐतिहासिक इमारतें हैं जो आज भी अचरज का विषय है। भूल-भूलैया, ताजमहल तथा अन्य ऐतिहासिक इमारतें अपनी विशिष्ट डिजाइन के लिए प्रख्यात हैं तथा देश के लोगों के विचार करने की अप्रतिम ताकत को दर्शाते हैं। देश में उपलब्ध अनेक चित्रकला, गुफाएं आदि को देखकर देश की संस्कृति को समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें गुणवत्ता पर विचार करने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्व में सबसे ज्यादा युवा भारत में हैं। यदि हम अपनी बुद्धि का उपयोग करते हैं तो भारत विकसित ही नहीं विश्व की महाशक्ति भी बन सकता है। देश की युवा शक्ति परिश्रम करके देश को महाशक्ति बनायें। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय से देश को तरक्की मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगोष्ठी के सार्थक परिणाम से ड्राइंग के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की कार्यकुशलता बढेगी। राज्यपाल ने संघ द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र पर विचार करने का भी आश्वासन दिया।

प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, श्री के0एस0 अटोरिया ने कहा कि ड्राइंग स्टाफ सेवा संवर्ग ऐसा सेवा संवर्ग है जो लोक निर्माण की मूर्तरूप में संरचना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बिना पूर्व डिजाइन के निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शासन परिसंघ की मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार करेगा।

कार्यक्रम में अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखें। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्मारिका 'प्रावैधिक व्यू' का लोकार्पण किया तथा उत्कृष्ट योगदान देने वाले ड्राइंग शिक्षकों एवं अनुदेशकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। परिसंघ की ओर से राज्यपाल को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

------

उत्तर प्रदेश ड्राइंग स्टाफ परिसंघ
लोक निर्माण विभाग, उत्तर

उत्तर प्रदेश ड्राइंग स्टाफ परिसंघ

उत्तर प्रदेश ड्राइंग स्टाफ परिसंघ
टेक्निकल असिस्टेन्ट्स एसोसिएशन
मुख्य अतिथि

उत्तर प्रदेश ड्राइंग स्टाफ परिसंघ
टेक्निकल असिस्टेन्ट्स एसोसिएशन
लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश
मुख्य अतिथि
श्री राम नाईक
माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
कार्यक्रम स्मारिका प्राविधिक व्यू का विमोचन एवं गोष्ठी
दिनांक
06, अप्रैल, 2015
समय
11 बजे से 1 बजे तक
कार्यक्रम स्थल
प्रेक्षागृह